## सार-समाचार

### मृदंग सिनेमा सहित दो संपत्तियां सीज, निगम की टीम ने वसूला यूडी टैक्स

**अजमेर( निसं )।** वित्तीय वर्ष के समापन से पहले नगर निगम ने बकाया यूडी टैक्स की वसूली के लिए अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को नगर निगम की टीम ने दो संपत्तियों को सीज किया, जबकि दो अन्य प्रतिष्ठानों से मौके पर ही बकाया यूडी टैक्स की राशि वसूल कर ली गई। नगर निगम की उपायुक्त नीलू गुर्जर के नेतृत्व में निगम की टीम ने श्रीनगर रोड स्थित मृदंग टॉकीज को सीज करने की कार्रवाई की। बताया गया कि इस सिनेमा पर पिछले दो वर्षों से लगभग दो लाख रुपये का यूडी टैक्स बकाया चल रहा था। निगम की ओर से पूर्व में सिनेमा प्रबंधन को कई बार नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं कराई गई, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। इसके अलावा निगम की टीम ने नाका मदार स्थित व्यावसायिक प्रतिष्ठान एसके सदन को भी सीज कर दिया। इस संपत्ति पर करीब दो लाख 25 हजार रुपये का यूडी टैक्स बकाया था। इसी दौरान टीम ने धोलाभाटा स्थित राधारानी गार्डन और बालाजी स्टोन के खिलाफ भी सीज की कार्रवाई शुरू की। हालांकि कार्रवाई के दौरान ही प्रतिष्ठान संचालकों ने मौके पर करीब चार लाख रुपये की दो वर्ष की बकाया राशि जमा करवा दी। इसके बाद निगम ने उनकी संपत्ति को सीज नहीं किया और उन्हें राहत दे दी। उपायुक्त नीलू गुर्जर ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने यूडी टैक्स के रूप में आठ करोड़ पचास लाख रुपये वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके मुकाबले अब तक लगभग पांच करोड़ रुपये की वसूली की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जिन संपत्तियों पर यूडी टैक्स बकाया है, उन्हें चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। निर्धारित समय में टैक्स जमा नहीं कराने पर निगम की ओर से सीज सहित सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पीतल की माला को सोने की बताकर दस लाख में बेचा, ठगी का मामला दर्ज

**अजमेर( निसं )।** सिविल लाइन थाना पुलिस ने पीतल के मोतियों की माला को सोने की बताकर दस लाख रुपये में बेचकर ठगी करने के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी शंभु सिंह ने बताया कि अलवर निवासी लाखन सिंह ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट के अनुसार आठ मार्च को वह अलवर से जयपुर सामान खरीदने गया था। वहां उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने बताया कि उसे खुदाई के दौरान कुछ पुराने चांदी के सिक्के मिले हैं और उन्हें बेचने के लिए वह जयपुर आया है। आरोपी ने लाखन सिंह को कुछ पुराने सिक्के दिखाएं, जो अंग्रेजों के जमाने के बताए गए। इसके बाद जब लाखन सिंह ने सिक्कों में रुचि दिखाई तो आरोपी ने सोने के मोतियों से बनी एक माला भी दिखाई और उसे कम कीमत में बेचने की बात कही। आरोपी ने यह भी कहा कि उसे पैसों की सख्त जरूरत है, इसलिए वह इसे सस्ते में बेच देगा। दोनों के बीच मोबाइल नंबर का आदान-प्रदान हुआ और 11 मार्च को अजमेर के रोडवेज बस स्टैंड पर मिलने का तय किया गया। तय कार्यक्रम के अनुसार दोनों पक्षों की मुलाकात बस स्टैंड पर हुई। आरोपी अकेला आया था, जबकि लाखन सिंह अपने एक दोस्त के साथ वहां पहुंचे थे। बस स्टैंड पर ही एक चाय की थड़ी पर दोनों के बीच सौदा हुआ और आरोपी ने सोने की माला के नाम पर दस लाख रुपये ले लिए। इसके बाद वह वहां से चला गया। जब लाखन सिंह माला को लेकर अपने घर अलवर पहुंचे और उसकी जांच कराई तो वह पीतल की निकली। इसके बाद उन्होंने आरोपी को फोन किया, लेकिन उसका मोबाइल स्विच ऑफ मिला। पीड़ित की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### इंडियन ऑयल का सर्वर डाउन, घरेलू गैस सिलेंडर बुकिंग में लोगों को परेशानी

**अजमेर( निसं )।** इंडियन ऑयल कंपनी का सर्वर डाउन होने के कारण शहर के उपभोक्ताओं को घरेलू गैस सिलेंडर बुक कराने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को अजमेर के नाका मदार क्षेत्र के कई उपभोक्ता अपनी गैस बुकिंग करवाने के लिए क्षेत्रीय गैस एजेंसी पर पहुंचे, लेकिन वहां भी सर्वर बंद होने के कारण उनकी बुकिंग नहीं हो सकी। उपभोक्ताओं ने बताया कि वे पिछले कुछ समय से घरेलू गैस सिलेंडर बुक कराने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इंडियन ऑयल के सर्वर में तकनीकी समस्या के चलते बुकिंग प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। कई लोगों ने मोबाइल ऐप और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से भी बुकिंग करने का प्रयास किया, लेकिन सर्वर डाउन होने के कारण सफलता नहीं मिल पा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि उनके घरों में गैस सिलेंडर लगभग समाप्त होने की स्थिति में है और समय पर बुकिंग नहीं हो पाने से उन्हें चिंता हो रही है। लोगों ने बताया कि गैस जैसी जरूरी घरेलू सुविधा के लिए उन्हें बार-बार एजेंसी के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। वहीं गैस एजेंसी संचालक रेखा नेगी ने उपभोक्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि इंडियन ऑयल कंपनी का सर्वर तकनीकी कारणों से डाउन चल रहा है, जिसके कारण बुकिंग प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। उन्होंने लोगों को सलाह दी कि वे कंपनी के मोबाइल ऐप या अन्य ऑनलाइन माध्यमों से भी बुकिंग करने का प्रयास करें, हालांकि सर्वर की समस्या के चलते इन माध्यमों से भी दिक्कत आ रही है। एजेंसी कर्मचारियों का कहना है कि जैसे ही सर्वर सामान्य होगा, उपभोक्ता फिर से आसानी से अपनी गैस बुकिंग कर सकेंगे। फिलहाल लोग सर्वर ठीक होने का इंतजार कर रहे हैं। उपभोक्ताओं ने मांग की है कि इस तरह की तकनीकी समस्याओं को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि लोगों को रोजमर्रा की जरूरी सेवाओं के लिए परेशानी का सामना न करना पड़े।

### अजमेर के अभिजीत सिंह राठौड़ का गुजरात न्यायिक सेवा में चयन

**अजमेर( निसं )।** अजमेर जिले के अभिजीत सिंह राठौड़ का चयन गुजरात न्यायिक सेवा (सिविल जज) में हुआ है। उन्होंने इस प्रतिष्ठित परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 25वीं रैंक प्राप्त की है। अभिजीत सिंह राठौड़ केकड़ी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेन्द्र सिंह राठौड़ के पुत्र हैं तथा वरिष्ठ अधिवक्ता करण सिंह खंगारोट के दामाद हैं। वे मूल रूप से ठिकाना पीपरोली से संबंधित हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा सेंट एन्सेल्म्स स्कूल, अजमेर से प्राप्त की। इसके बाद तमिलनाडु नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी से एलएलबी की डिग्री हासिल की अपनी कड़ी मेहनत, लगन और समर्पण के बल पर उन्होंने गुजरात न्यायिक सेवा जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता प्राप्त कर परिवार और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है।

# देवनानी ने अजमेर को गौरवशाली पहचान देने का संकल्प दोहराया

**अजमेर,( निसं )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि अजमेर शहर को गुलामी के प्रतीकों से मुक्त कर भारत के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने का संकल्प लिया गया है और इस दिशा में लगातार कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शहर के विभिन्न स्थानों के नामों में परिवर्तन किया जा रहा है।

देवनानी ने गुरुवार को स्टेशन रोड स्थित पूर्व मोइनिया इस्लामिया उच्च माध्यमिक विद्यालय के परिवर्तित नाम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड का लोकार्पण किया।

उन्होंने बताया कि इस अभियान की शुरुआत स्टेशन रोड स्थित एडवर्ड मेमोरियल का नाम बदलकर महर्षि दयानंद विश्रांति गृह करने से की गई। इसके बाद फॉयसागर झील का नाम बदलकर वरुण सागर किया गया तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम के होटल का नाम अजयमेरू रखा गया। साथ ही वीर शहीद अविनाश माहेश्वरी के नाम पर सड़क का नामकरण और नवीन एलिवेटेड रोड का नाम रामसेतु रखा गया।




देवनानी ने गुरुवार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि पहले इस विद्यालय का नाम भी गुलामी के प्रतीक से जुड़ा हुआ था, जिसे बदलकर अब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड रखा गया है। यह नाम क्षेत्र की पहचान के अनुरूप और सभी समुदायों की समावेशी भावना को ध्यान में रखते हुए रखा गया है।

उन्होंने अजमेर के विकास की विभिन्न योजनाओं का उल्लेख करते हुए बताया कि तारागढ़ के विकास के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 20 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे इस ऐतिहासिक स्थल को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लेपर्ड सफारी का विकास, वरुण सागर का सौंदर्यीकरण, शहर में आईटी पार्क की स्थापना और बड़े आयोजनों के लिए वृहद स्टेडियम निर्माण की भी योजना है। उन्होंने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालयों में नए कक्षा-कक्ष बनाए जा रहे हैं तथा विद्यार्थियों के लिए गांधी भवन में बहुमंजिला लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव भी है, जहां प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष व्यवस्था होगी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष रमेश सोनी, पार्षद भारती श्रीवास्तव, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी दर्शना शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य सुनील चतुर्वेदी, व्यापारिक संघ अध्यक्ष बालेश गोहिल सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

- देवनानी ने कहा कि पहले इस विद्यालय का नाम भी गुलामी के प्रतीक से जुड़ा हुआ था, जिसे बदलकर अब राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्टेशन रोड रखा गया

### निःशुल्क विशेष परामर्श कैंप का आयोजन

**अजमेर( निसं )।** राजस्थान महिला कल्याण मंडल चाचियावास द्वारा 14 एवं 15 मार्च को अद्वैत शीघ्र हस्तक्षेपण केंद्र, सी-ब्लॉक, पंचशील नगर, क्षेत्रपाल हॉस्पिटल के पास, अजमेर में सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक एक निशुल्क विशेष परामर्श एवं थेरेपी कैंप का आयोजन किया जा रहा है।

संस्था की मुख्य कार्यकारी क्षमा आर कौशिक ने बताया कि इस कैंप में दिल्ली ऑक्यूपेशनल थेरेपिस्ट डॉ. कुमुद शर्मा के साथ संस्था के फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. कृष्ण कुमार बाकोलिया, डॉ. वंदना सिंह, स्पीच विशेषज्ञ शानू कंवरिया, साइकोलॉजिस्ट राजेश्वरी शेखावत द्वारा निशुल्क परामर्श एवं थेरेपी सेवाएं प्रदान की जाएंगी। इसके साथ ही कैंप में आने वाले लाभार्थियों के लिए निःशुल्क श्रवण (सुनने) जांच तथा आवश्यक थेरेपी से संबंधित मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों तक स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सेवाएं पहुंचाना तथा उनकी शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान करना है।

### 44 उत्कृष्ट महिला कर्मी (समूह सी एवं डी) पुरस्कृत

**अजमेर।** उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन, अजमेर मंडल द्वारा महिला दिवस के अंतर्गत मंडल पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 44 महिला कर्मियों को गुरुवार को रेलवे ऑफिसर्स क्लब, कचहरी रोड, अजमेर में अध्यक्षा उत्तर पश्चिम रेलवे महिला कल्याण संगठन अजमेर मंडल रिंकल भूतड़ा द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण संगठन की सचिव ज्योति उशाहरा तथा कोषाध्यक्ष सुषमा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारी , सहायक कार्मिक अधिकारी वंदना चौबे, अन्य रेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रिंकल भूतड़ा ने कहा, समूह सी और डी की ये महिला कर्मी हमारे रेल संगठन की रीढ़ हैं।

# बंदरों के आतंक से क्षेत्रवासी परेशान, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

**अजमेर( निसं )।** शहर के वैशाली नगर क्षेत्र में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं। महावीर इंटरनेशनल रीजन-3 के डिप्टी डायरेक्टर (मीडिया प्रभारी) कमल गंगवाल और महावीर इंटरनेशनल अजयमेरु के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता विजय पांड्या ने जिला प्रशासन और नगर निगम से बंदरों के आतंक से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

उन्होंने बताया कि आनंद नगर, अशोक विहार, वैशाली नगर, शांतिपुरा और सागर विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बंदर घूम रहे हैं, जिससे क्षेत्रवासी भयभीत हैं। उन्होंने प्रशासन से बंदरों को पकड़कर सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ने की मांग की है।

गंगवाल ने बताया कि सुबह के समय बुजुर्ग, महिलाएं और अन्य श्रद्धालु मंदिरों में पूजा-अर्चना के लिए जाते हैं, लेकिन करीब 50 बंदरों के झुंड छतों, बालकनियों और सड़कों पर घूमते रहते हैं, जिससे लोगों को डर का सामना करना पड़ रहा है।

बंदर घरों की छतों पर लगे सोलर प्लांट, खाद्य सामग्री, गमले, पेड़-पौधों, बिजली के केबल और एयर कंडीशनर के आउटर यूनिट को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इसके अलावा घरों में सूखने के लिए डाले गए कपड़ों को भी फाड़ देते हैं। कई बार बंदर लोगों के हाथ में मौजूद सामान पर झपट्टा मार देते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

विजय पांड्या ने बताया कि नगर निगम में शिकायत करने पर ठेकेदार द्वारा पिंजरा लगाया जाता है, लेकिन बंदर उसमें नहीं फंसते और चार-पांच दिन बाद पिंजरा हटा लिया जाता है। इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है।

क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करते हुए बंदरों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ने की मांग की है। मांग करने वालों में कमल गंगवाल, रोहित शर्मा, गजेंद्र पंचोली, राजेंद्र गांधी, विजय पांड्या, पंकज गंगवाल, राजकुमार लालवानी, प्रमोद लुहाडिया, कपिल बाहेती, देवर्ष गंगवाल, मनीष पाटनी, संजय कुमार जैन सहित कई लोग शामिल हैं।

### चार माह से लंबित मानदेय भुगतान की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** राजस्थान मिड डे मील वर्कर्स यूनियन सीटू जिला डूंगरपुर की जिला कमेटी के जिलाध्यक्ष जीवतराम भागोरा के नेतृत्व में मिड डे मील कर्मियों के चार माह से लंबित मानदेय भुगतान की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि जिले के मिड डे मील कर्मियों का पिछले चार महीनों से मानदेय बकाया है, जिससे कर्मियों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। यूनियन ने जिला प्रशासन से शीघ्र बकाया मानदेय का भुगतान करवाने की मांग की। यूनियन के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि जल्द ही मिड डे मील कर्मियों का लंबित मानदेय जारी नहीं किया गया।

### 'पर्व व उत्सव समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक'

**राजसमंद, ( निसं )।** विधायक दीप्ति किरण विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने आरोग्य, आयुष्य और स्वच्छता की अधिष्ठात्री देवी माँ शीतला माता के पावन पर्व के अवसर पर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से माँ शीतला माता के मंदिर पहुँचकर विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने पथवारी माता का पूजन किया तथा पीपल वृक्ष की परिक्रमा कर समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। विधायक दीप्ति किरण विधायक दीप्ति किरण माहेश्वरी ने कहा कि माँ शीतला माता का यह पावन पर्व भारतीय संस्कृति में स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा भाव का विशेष संदेश देता है।

# 'संतों द्वारा धर्म ध्वजा पूजन से होगा चेटीचंड पखवाड़े का शुभारंभ आज'

**अजमेर( निसं )।** पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के तत्वावधान में चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव 2026 का आयोजन 13 मार्च को संत महात्माओं के सानिध्य में होगा। अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी की अध्यक्षता में 32 संस्थाएं मिलकर 39 से अधिक विभिन्न पंचायतों, सामाजिक संगठनों, सिंधी विद्यालयों, व्यापारिक, धार्मिक संस्थाओं, विविध धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करेंगी।

ट्रस्टी फतनदास ने बताया कि पखवाड़ा महोत्सव का शुभारंभ 13 मार्च को स्वामी दादूराम साहिब दरबार ट्रस्ट द्वारा जतोई दरबार, नगीना बाग, अजमेर में स्थित आराध्य श्री झूलेलाल की विशाल प्रतिमा पर संतों के सानिध्य में धर्म ध्वजा पूजन, संतों का आशीर्वाद, छेज तथा महाआरती का आयोजन होगा। आयोजन के संयोजक राजेश खटवाणी, नंद किशोर सखवानी एवं राहुल ठारवाणी होंगे। 13 से 25 मार्च तक चेटीचंड पखवाड़ा महोत्सव, 32 संस्थाएं करेंगी 39 से अधिक कार्यक्रम समिति के महामंत्री महेन्द्र कुमार तीर्थाणी ने बताया कि चेटीचंड पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं द्वारा भजन संध्या, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सेवा कार्य, शोभायात्रा तथा धार्मिक अनुष्ठानों सहित अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें समाज के लोग बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। अजमेर की 32 संस्थाओं ने 25 मार्च तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। स्वामी दादूंराम साहिब दरबार ट्रस्ट, इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर, अजमेर, झूलेलाल सेवा मण्डली, वैशाली नगर, ईश्वर मनोहर उदासीन आश्रम सेवा ट्रस्ट, सिन्धी समाज महासमिति, अजमेर, भारतीय सिन्धु सभा, अजयमेरू, सांई बाबा मंदिर, अजय नगर, सिन्धु समिति, अजमेर, अजयनगर सिन्धी समाज, वैशाली सिन्धी सेवा समिति, पूज्य सिन्धी पंचायत, पंचशील, आदर्श सिन्धी पंचायत, आदर्श नगर, सिन्धी लेडीज क्लब अजमेर, सिन्धु विकास समिति, चंदवरदायी, सिन्धु सोशल वेलफेयर नाका मदार, श्री अमरापुर सेवा घर, कोटड़ा, झूलेलाल सेवा समिति, जे.पी. नगर, चन्द्र रूपाणी एण्ड पार्टी, अजमेर, नवयुवक सेवा मण्डल, आशा गंज, पूज्य सिंधी पंचायत, धोला भाटा, सिन्धी समाज रामगंज, सिन्धी इतिहास व साहित्य शोध संस्थान, पूज्य सिन्धी पंचायत, शास्त्री नगर, सिन्धी बोली विकास समिति, द स्मार्ट अजमेरियन, अजमेर, राष्ट्रीय जन सेवा समिति परिवार, पड़ाव परचूनी किराना एसोसिएशन, हरी सुन्दर उच्च माध्यमिक विद्यालय, सन्त कँवरराम उच्च माध्यमिक विद्यालय , स्वामी सर्वानन्द विद्यालय, डी.आर.एम. ऑफीस कर्मचारियों, सर्वेश्वर महाकाल मंदिर, राती डांग, जीवनदीप कॉलोनी विकास समिति, ऑल इंडिया स्माल एंड मीडियम जर्नलिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन आदि शामिल है।

### भक्तामर पाठ के साथ मनाया आदिनाथ कल्याणक

**नसीराबाद।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर एवं युग प्रवर्तक भगवान आदिनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक नसीराबाद में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम दिगंबर जैन युवा परिषद के तत्वावधान में आयोजित हुआ। दिगंबर जैन युवा परिषद के अध्यक्ष निहालचंद बडज़ात्या ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी से हुई।

# मस्जिद वाली गली में पानी संकट गहराया, महिलाओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**अजमेर( निसं )।** शहर में गर्मी की शुरुआत के साथ ही पानी की समस्या गहराने लगी है। गुरुवार को लोहागल रोड स्थित अवराली नगर की मस्जिद वाली गली और कुम्हार मोहल्ले की महिलाओं ने पानी की समस्या को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया और जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बताया कि उनके क्षेत्र में 18 फरवरी को आखिरी बार नियमित पानी की सप्लाई हुई थी। इसके बाद से पीने योग्य पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि कभी-कभार जो पानी सप्लाई होता भी है, वह इतना दूषित और गंदा होता है कि उसे पीना तो दूर, घरेलू उपयोग में लेना भी मुश्किल हो जाता है। महिलाओं का आरोप है कि इस दूषित पानी को पीने से क्षेत्र के कई लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। उन्होंने बताया कि समस्या को लेकर कई बार जलदाय विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समाधान के बजाय उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि उनका क्षेत्र ग्राम पंचायत के अंतर्गत आता है, इसलिए विभाग इस मामले में कार्रवाई नहीं कर सकता। महिलाओं ने कहा कि पानी जैसी बुनियादी सुविधा के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर लगाने के बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

# भगवान आदिनाथ जन्म कल्याणक महोत्सव सम्पन्न, भव्य रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत

**अजमेर( निसं )।** जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री 1008 आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर गुरुवार को केसरगंज स्थित श्री 1008 पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5 बजे हुआ, जहां ब्राह्मी महिला मंडल की महिलाओं ने मंगल बधाई के गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।



केसरगंज स्थित श्री 1008 पाश्र्वनाथ दिगम्बर जैसवाल जैन मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं द्वारा भगवान आदिनाथ को चांदी के पालने में बालक रूप में झुलाया गया और माता मरुदेवी को भगवान के जन्म की मंगल बधाइयां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान भगवान आदिनाथ का शांतिधारा अभिषेक किया गया तथा विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना संपन्न हुई। प्रातः 8 बजे ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुभाष चडौसिया परिवार को ध्वजारोहण कर्ता एवं भगवान के सारथी बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

विभिन्न जिनालयों में प्रथम अभिषेक और शांतिधारा का सौभाग्य समाज के कई परिवारों को प्राप्त हुआ। इसके बाद भगवान आदिनाथ की भव्य रथयात्रा केसरगंज जैन मंदिर से प्रारंभ होकर नवज्योति मार्ग, गोल चक्कर, आर्य समाज मार्ग, स्टेशन रोड, गांधी भवन, मदार गेट, कवंडसपुरा और पड़ाव होते हुए आदिनाथ मार्ग लालकोठी पहुंचकर सम्पन्न हुई।

शोभायात्रा में ढोल-नगाड़े, घोड़े, बैण्ड, बग्गियां और आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। श्री पाश्र्वनाथ संगीत मंडल केसरगंज द्वारा प्रस्तुत भजनों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिला मंडल, पुरुष संगठन और समाज के अनेक श्रद्धालु हाथों में जैन धर्म ध्वजा लेकर शोभायात्रा में शामिल हुए। यात्रा का मार्ग में जगह-जगह व्यापारियों और समाज के लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

रथयात्रा के बाद आदिनाथ मार्ग लाल कोठी पर एक वृहद सभा का आयोजन किया गया, जिसमें चित्र अनावरण, दीप प्रज्ज्वलन, मंगलाचरण और मांगलिक उद्बोधन के कार्यक्रम हुए। सभा को संबोधित करते हुए पूज्य उपाध्याय श्री 108 विकसंतसागर जी महाराज ने कहा कि परमात्मा सृष्टि का कर्ता नहीं है।

बल्कि प्रत्येक प्राणी अपने कर्मों और भावों के अनुसार अपना संसार बनाता और नष्ट करता है। उन्होंने कहा कि जैसा बोओगे वैसा पाओगे, यही जीवन का सत्य है।

- कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 5 बजे हुआ, जहां ब्राह्मी महिला मंडल की महिलाओं ने मंगल बधाई के गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया

**NAME CHANGE**

I, Seema, is wife of No.15165791X, Hav, Laxman Lal Sadhu, Residing at: Baghsuri, Nasirabad, Ajmer, Raj. 305401 have change my name from Seema Devi to Seema vide affidavit no CF 240121dt 12/03/2026 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I Indiravathy, Mother of Army No. 18003448A, Nk, Kalesh T, Residing at Thrikkovilvattom, Kollam, Kerala, 691577 have change my name from Indra to Indiravathy vide affidavit no. CF 240118 dt 12/03/2026 at court campus Nasirabad

**NAME CHANGE**

I, Brijlata Mother of Army No.:- 17018375A, Hav(Tech SA), Raghuveer Keer Residing at Vill:-Mudiyakheda, Po:- Beekor Teh:- Babai Distt:- Hoshangabad, Madhya Pradesh, Pin:-461661 have change my name from Brijlata to Brijalta Keer vide affidavit no. CF 240119 dt 12/03/2026 at court campus Nasirabad

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/175609
DATE :- 03.03.2026 रजि बेचान-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/12988 दिनांक-11-03-26

सार्वजनिक सूचना

श्री बाबूलाल पुत्र श्री अमर चन्द निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 8/श्या मजी कृष्णा वर्मा मार्ग मकान नं. 09 बी क्षेत्रफल 10.00 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री नारायण राम गुर्जर पुत्र श्री जीवनराम जी के नाम दर्ज है। रजि बेचान-नामा दिनांक 25.01.2003 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी। - आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/2025-26/176381
DATE :- 10.03.2026 रजि बेचान-नामा

**कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर**

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2025-26/12987 दिनांक-11-03-26

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री अनराज तातेड़ निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 3/शान्ति नगर बलाड रोड मार्ग खसरा नं. 1058 प्लाट नं. 32 क्षेत्रफल 218.75 वर्गगज जो कि नगर परिषद ब्यावर नगरीय विकास कर रिकॉर्ड श्री गोपीलाल पुत्र श्री फूलचन्द जी व श्री गोपी किशन पुत्र श्री गारसीलाल जी के नाम पट्टा विलेख जारी है। रजि बेचान-नामा दिनांक 22.01.2007, 15.06.2021 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अतः इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी। - आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

**कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0**

टेलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/6706 आपत्ति सूचना दिनांक: 10-03-26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम में नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय उपरानत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र.सं. | नाम आवेदक | क्षेत्र | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|
| 1 | सोमलता देवी पत्नि श्री कैलाश चंद जोशी | अन्नपूर्णा कॉलोनी, बिजयनगर, खसरा सं. 1009, 1010,1011 की भूखण्ड सं. 06 के पूर्व में स्थित खांचा भूमि | 7.26 वर्गगज |

(प्रताप सिंह)
अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका बिजयनगर

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राज०)**

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा

क्रमांक:न०पा०गु०/भूमि/2025-26/राजकाज रेफरेन्स नं. लोक सूचना दिनांक-यथा हस्ताक्षरित

आवेदक श्रीमती किरण नायक पत्नि महावीर प्रसाद निवासी खारी का लाम्बा एवं श्री पीरूलाल बलाई पुत्र श्री बालूराम निवासी गुलाबपुरा जिला भीलवाड़ा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

| जिले सहित | तहसील का नाम | ग्राम का नाम खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| राजस्व ग्राम लाम्बा (भीलवाड़ा) | अन्टाली | राजस्व ग्राम लाम्बा खसरा संख्या-1743 1944,1945,1946 एवं 1947 | कुल क्षेत्रफल 17806.00 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वायन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका गुलाबपुरा

**कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा जिला-भीलवाड़ा (राज०)**

प्ररूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका गुलाबपुरा

क्रमांक:न०पा०गु०/भूमि/2025-26/राजकाज रेफरेन्स नं. लोक सूचना दिनांक-यथा हस्ताक्षरित

आवेदक श्री अम्बा लाल पुत्र श्री मांगू भील निवासी भील मोहल्ला आंकडसाडा जिला भीलवाड़ा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात्-

| जिले सहित | तहसील का नाम | ग्राम का नाम खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| राजस्व ग्राम आदर्श नगर (भीलवाड़ा) | अन्टाली | राजस्व ग्राम आदर्श नगर खसरा संख्या- 1752/98, 1753/99 | कुल क्षेत्रफल 27924.00 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वायन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

- प्राधिकारी अधिकारी (अधिशाषी अधिकारी) नगरपालिका गुलाबपुरा

**आम सूचना**

मै0 बोम्बे मार्बल इण्डस्ट्रीज ऑफ फर्मस जिला उद्योग केंद्र नागौर में पंजीकृत है जिसका रजिस्ट्रेशन नं. 17/20/163/90 है तथा हैड ऑफिस-Borawar Road, Makrana Distt.-Didwana-Kuchaman (Rajasthan)-341505 है। मैसर्स बोम्बे मार्बल इण्डस्ट्रीज में भागीदार नं. 2 श्री अब्दुल हमीद गेसावत पुत्र श्री चांद मोहम्मद गेसावत उम्र 65 वर्ष निवासी माताभर रोड, ठाकुर साहब की आखली मकरानान (राज.) व भागीदार नं. 3 श्री मोहम्मद हुसैन गेसावत पुत्र श्री चांद मोहम्मद गेसावत उम्र 58 वर्ष निवासी बोम्बे मार्बल, गुलजारपुरा मकराना (राज.) कंटिन्यू भागीदार है तथा भागीदार नं. 4 श्रीमती जायदा बेगम गेसावत पत्नि श्री अब्दुल हमीर गेसावत उम्र 61 वर्ष निवासी माताभर रोड, ठाकुर साहब की आखली, मकराना (राज.) नयी भागीदार आ रही है। मैसर्स बोम्बे मार्बल इण्डस्ट्रीज में पार्टनर नं. 1 श्रीमती हजानी सुगरा पत्नि श्री चांद मोहम्मद उम्र 89 वर्ष निवासी बोम्बे मार्बल, गुलजारपुरा मकराना (राज.) इस फर्म से (सेवानिवृत्त)रिटायर हो रही है। अतः किसी व्यक्ति एवं वित्तीय संस्थान और आम जन को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो सात दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्मस जिला उद्योग केन्द्र डिडवाना-कुचामन के यहां मय सबूत पेश करे।

- मैसर्स बोम्बे मार्बल इण्डस्ट्रीज, बोरावर रोड, मकराना जिला डिडवाना, कुचामन राजस्थान

**आम सूचना**

मेरे पक्षकारान श्री कमलेश कुमार मूलचन्दानी, निवासी ए-126, माधव नगर, गली नं. 1, भास्कर ऑफिस के सामने, वैशाली नगर, अजमेर व श्रीमती अनुराधा पत्नि श्री गोरधन लाल, निवासी जी-69, माकड़वाली रोड, वैशाली नगर, अजमेर के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैने मेरे पक्षकारगण की ओर से एक मुख्त्यारनामा आम दिनांक 31.05.2024 जो उप पंजीयक अजमेर द्वितीय के यहां दिनांक 31.05.2024 को पंजीबद्ध है तथा रंगोली आशियाना एल.एल.पी. (LLPIN: AAM-6368) जरिये डेसिगनेटेड पार्टनर श्री राजेश पंवार के हक में निष्पादित की थी को निरस्त करने बाबत दैनिक राष्ट्रदूत समाचार पत्र दिनांक 14.02.2026 में आम सूचना प्रकाशित करायी थी। जिस आधार पर मुख्तयारनामा आम निरस्त किया गया था, उसके संबंध में श्री राजेश पंवार ने आश्वासन दिया है कि वे पावर ऑफ एर्टोनी का दुरूपयोग नहीं करेंगे। अन्य बिन्दुओं पर आपसी सहमति के कारण श्री राजेश पंवार, मुख्तयारनामा में वर्णित सभी वैध कार्य करने हेतु पूर्णतः अधिकृत एवं स्वतंत्र है।

- श्री छीतरमल टेपण